# संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर (छ.ग.)

(छ.ग. विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 18/2008 द्वारा स्थापित)

E_Mail:- registrarsua@yahoo.co.in Phone:- 07774-222789, Fax:- 222791


क्रमांक – 1710/परीक्षा/ई–02/2024 अम्बिकापुर, दिनांक, 20/11/2024

## अधिसूचना

संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्किापुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत स्वाध्यायी विद्यार्थी नीति तहत् सत्र 2024–25 के स्नातक के कक्षा बी.ए./बी.कॉम/बी.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर में पंजीकृत स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिये परीक्षा आवेदन पत्र एवं शुल्क जमा करने की तिथियाँ निम्नानुसार निर्धारित की जाती है :–

| क्र. | पाठ्यक्रम का नाम | संपूर्ण शुल्क के साथ ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने की अंतिम तिथि | विलंब शुल्क रू. 100/– के साथ ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने की अंतिम तिथी |
|---|---|---|---|
| 01 | बी.ए./बी.कॉम/ बी.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर (स्वाध्यायी परीक्षार्थियों हेतु) | 22.11.2024 से 06.12.2024 | 07.12.2024 से 11.12.2024 |
| 02 | महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय में परीक्षार्थियों का ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कापी जमा करने की तिथि | 16.12.2024 | |

### छात्रो के लिये ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने हेतु निर्देश :–

1. समस्त परीक्षाओं के लिये परीक्षा आवेदनपत्र केवल ऑनलाइन ही भरे जावेंगे।
2. परीक्षा आवेदनपत्र विश्वविद्यालय के वैबसाइट– www.sggcg.in पर लिंक में "ऑनलाइन फार्म भरे जावेगे जहाँ से क्लिक कर परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन भर सकते है।
3. परीक्षार्थी सबसे पहले लिंक **https://www.sggcg.in/public/authentication/student** login या Student Login में लॉगिन करे।
4. login करने के बाद APPLY FOR EXAM FORM OPTION से जो Code पहेले से ADD है। उसे चेक कर लेवे फिर से EXAM ADD नहीं करना है।
5. उसके बाद SELECT SUBJECT OPTIONI से विषय का चयन करे, पंजीयन के समय जो विषय SELECT किया गया है। उसी विषय का चयन करना है। गलत चयन करने पर परीक्षा फॉर्म SUBMITT नहीं होगा।
6. यदि विषय का चयन पंजीयन के समय गलत हो गया था तो इसे महाविद्यालय से सही करवाए उसी के बाद परीक्षा फॉर्म भरे।
7. SELECT SUBJECT OPTIONI में पंजीयन के समय लिए गए विषय का TAB दिया गया है उससे विषय देख सकते है।
8. ATTACHED DOCUMENT TAB में परीक्षा फॉर्म के साथ जो DOCUMENT ATTACHED कर रहे है उन्हे TICK करना है।
9. APPLY FOR EXAMINATION OPTION से APPLY NOW BUTTON से फीस का भुगतान करे।
10. परीक्षा फॉर्म की FEES का भुगतान करने के बाद Print/Forms/Receipts/Admit Card-Application/Fee Receipts ऑप्शन से फीस की पावती और परीक्षा आवेदन का प्रिंट निकालकर महाविद्यालय में जमा करे, तथा एक प्रति अपने पास रखे।
11. यदि FEES जमा करते समय अकाउंट से पेमेंट कट गया है और फिर से भुगतान के लिए आ रहा है तो भुगतान नही करे Fees/Transaction- Transaction List OPTION से TRY SETTELMENT करे।

12. परीक्षा आवेदन पत्र भरने के पूर्व भली भांति परीक्षण कर ले ताकि त्रुटी न हो।
13. किसी भी परीक्षार्थियों को एक सत्र में विश्वविद्यालय भी एक से अधिक उपाधि/डिप्लोमा परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता नहीं है। (केवल भाषा में डिप्लोमा एक डी.सी.ए. वन इयर पार्ट रहेगा पाठ्यक्रम को छोड़कर )
14. परीक्षार्थियों को ऑनलाईन फार्म भरते समय पिता/पति के कालम में विवाहित महिला परीक्षार्थी जिनकी अंकसूची में विश्वविद्यालय प्रक्रिया के तहत उपनाम परिवर्तन हो चुका है वे ही अपने पति का नाम अंकित करें।

## परीक्षा शुल्क विवरण

**सत्र 2024–25 के लिये स्वाध्यायी (प्रथम सेमेस्टर) के परीक्षार्थियों हेतु परीक्षा शुल्क का विवरण :–**

| क्र. | कक्षा/परीक्षा का नाम | परीक्षा शुल्क |
|---|---|---|
| स्नातक परीक्षाएँ | | |
| 01 | बी.ए./बी.कॉम | रू. 1750.00 |
| 02 | बी.एस–सी. | रू. 1640.00 |

**उक्त परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त आवश्यकतानुसार अन्य शुल्क निम्नानुसार देय होगा :–**

1. अप्रवासन शुल्क – (छ.ग. के बाहर के बोर्ड अथवा अन्य विश्वविद्यालय से परीक्षा उत्तीर्ण कर आने वाले छात्रों के लिए) – रू. 360
2. विवाहोपरांत नाम/उपनाम परिवर्तन शुल्क – रू. 180 (केवल महिलाओं के लिए)
3. संकाय परिवर्तन शुल्क – रू. 120
4. विषय/प्रश्नपत्र परिवर्तन शुल्क – रू. 120
5. अग्रेषण शुल्क रू. 30 की राशि नियमानुसार महाविद्यालय/केन्द्राध्यक्ष द्वारा ली जायेगी।
6. अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थियों से पंजीयन के समय उपरोक्त शुल्क ले लिया गया हो तो पुनः लेने की आवश्यकता नहीं है।

**अग्रेषणकर्ता अधिकारी के लिए आवश्यक निर्देश :–**

1. महाविद्यालयों के प्राचार्य "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020" के प्रावधानों के तहत छात्रों के परीक्षा आवेदन का परीक्षण उपरांत अग्रेषित करेंगे।
2. महाविद्यालयों के प्राचार्यो द्वारा जिन कक्षा/विषयों की ही सम्बद्धता विश्वविद्यालय से प्राप्त नहीं है, उनके परीक्षा आवेदन अग्रेषित न किए जाएं।
3. प्राचार्य विश्वविद्यालय के अध्यादेश में छात्रों के लिए उल्लेखित न्यूनतम उपस्थिति की सत्यापन करने के पश्चात ही छात्रों के परीक्षा के ऑनलाइन परीक्षा आवेदन अग्रेषित करेंगे।
4. अग्रेषणकर्ता अधिकारी परीक्षार्थियों के पूर्व वर्ष की समस्त अंकसूचियों को अनिवार्य रूप से परीक्षण करते हुए ही परीक्षा आवेदन को अग्रेषित करें।
5. महाविद्यालय द्वारा अग्रेषित परीक्षार्थियों के आवेदन की हार्ड कापी विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय में जमा करे।
6. विश्वविद्यालय के द्वारा अग्रेषण शुल्क/आंतरिक मूल्यांकन शुल्क/असाइनमेंट शुल्क नियमानुसार महाविद्यालय के प्राचार्य/केन्द्राध्यक्षों को प्रदान की जाएगी।

**टीप :–** किसी अपात्र छात्र के द्वारा ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरा जाता है तो उसका परीक्षा फार्म/परीक्षाफल निरस्त कर दिया जायेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित छात्र एवं अग्रेषणकर्ता अधिकारी की होगी।

**कुलसचिव**

D.t-62

पृ० क्रमांक– 1711 /परीक्षा/ई–02/2024 अम्बिकापुर, दिनांक, 20/11/2024

प्रतिलिपि

1. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
2. अपर संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर।
3. विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
4. प्राचार्य, विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र की ओर छात्रों को अधिक से अधिक सूचना देने की आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. उप कुलसचिव, गोपनीय विभाग, इस निर्देश के साथ कि दिसम्बर–जनवरी 2024–25 में आयोजित होने वाले सेमेस्टर परीक्षा की गोपनीय तैयारी शीघ्र पूर्ण कर लेवे ताकि राज्य शासन द्वारा घोषित अकादमिक कलेण्डर अनुसार परीक्षा सम्पन्न किया जा सके।
6. संकायाध्यक्ष, विद्यार्थी कल्याण, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर (छ.ग.)।
7. वित्त अधिकारी/उप कुलसचिव/सहायक कुलसचिव/अकादमिक/गोपनीय/परीक्षा/मण्डार/सम्पदा अधिकारी/जन सम्पर्क अधिकारी, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर (छ.ग.)।
8. व्यवस्थापक, एम.आई.सी.एस. आनलाइन पोर्टल।
9. प्रबंधक, सेण्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, विश्वविद्यालय शाखा, अम्बिकापुर।
10. सम्पादक समस्त स्थानीय समाचार –पत्र सरगुजा अम्बिकापुर को इस निवेदन के साथ अग्रेषित कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार –पत्र के आगामी अंक में छात्रहित में समात्रार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करे।
11. सम्बन्धित नस्ती।

उप कुलसचिव (परीक्षा)

D.t-63